दिनांक : 09.03.2025 समय : 02.10PM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री माधव पार्क

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत वन्यजीव विविधता से समृद्ध है और यहां की संस्कृति वन्यजीवों का सम्मान करती है। श्री मोदी ने कहा, कि हम हमेशा पशुओं की रक्षा करने और एक सतत विश्व में योगदान देने में सबसे आगे रहेंगे।" प्रधानमंत्री ने एक्स मीडिया पर मध्यप्रदेश के माधव नेशनल पार्क को देश के 58वें टाइगर रिजर्व जोड़ने की खबर साझा करते हुए कहा कि यह वन्यजीव प्रेमियों के लिए आश्चर्यजनक खबर है। उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव के संदेश पर यह प्रतिक्रिया दी। श्री यादव ने अपने संदेश में कहा कि माधव नेशनल पार्क मध्य प्रदेश का 9वां टाइगर रिजर्व है। उन्होंने कहा कि यह विकास वन अधिकारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है जो निस्वार्थ भाव से इस उद्देश्य के लिए काम कर रहे हैं।

भगोरिया उत्सव

होली के पूर्व प्रदेश के आदिवासी अंचलों में इन दिनों भगोरिया मेलों का आयोजन जारी है। आज ऐसे आयोजनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झाबुआ और बड़वानी में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में "भगोरिया उत्सव" का आयोजन बड़वानी के पानसेमल में आयोजित होगा। वहीं झाबुआ में भगोरिया और भील महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ कल 10 मार्च से शुरू होगा। 12 मार्च को सदन में मध्यप्रदेश का दूसरा बजट पेश किया जाएगा। सत्र को लेकर अब तक 2 हजार 939 प्रश्न सचिवालय को प्राप्त हुए हैं। 15 दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होना है।

संसद- बजट सत्र

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से शुरु होगा और 4 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान सदन की 20 बैठकें होंगी। इस दौरान वर्ष 2024-25 के लिये अनुदान की मांगों और विनियोग विधेयक पर चर्चा होगी और मतदान होगा। इसके अलावा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक-2024, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, आव्रजन और विदेशी विधेयक-2025 तथा रेलवे (संशोधन) विधेयक सहित कई विधायी कार्यों पर चर्चा होगी और इन्हें पारित किया जाएगा।

चैंपियंस टॉफी क्रिकेट फाइनल

दुबई में अब से कुछ देर बाद आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के फाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। भारत ने इस टूर्नामेंट में अभी तक सभी मैच जीते हैं। भारत ने लीग चरण में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड पर प्रभावशाली जीत के बाद सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर रोमांचक जीत दर्ज की। न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान और बांग्लादेश को हराया लेकिन उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा। बाद में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय टीम तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीतने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारत ने इससे पहले वर्ष 2002 और 2013 में खिताब जीता था। इस रोमांचक खिताबी मुकाबले का देश-विदेश के क्रिकेट प्रशंसकों को बेसब्री से इंतज़ार है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विश्वास व्यक्त किया कि हमारी टीम की मेहनत रंग लाएगी और भारत की जीत होगी।

समाचार संक्षेप में :-

ऽ महिला दिवस के अवसर पर कल महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ उज्जैन द्वारा विक्रमोत्सव 2025 अंतर्गत जनजातीय भाषा एवं बोलियों का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

ऽ रीवा के कमिÜनर कार्यालय में महिला प्रशासनिक अधिकारियों को महिला दिवस के अवसर पर पुष्प गुच्छ व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

ऽ धार जिले में आयोजित की गई नेशनल लोक अदालत में कुल 3 हजार 841 प्रकरणों का निराकरण किया गया। यहां 18 करोड़ 60 लाख 18 हजार 990 रुपए की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए जिसमें कुल 5 हजार 432 लोग लाभान्वित हुवे।

ऽ पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं महिला जागरुकता विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा उपस्थित सभी महिलाओं को हेल्थ सेफ्टी किट प्रदान की गई ।

ऽ झाबुआ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना एग्रीस्टैक फॉर्मर रजिस्ट्री को झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना ने पंचायत स्तर शिविर लगाकर लक्ष्य का लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा लिया है। यहां अब तक 1 लाख 24 हजार 747 कृषकों की फॉर्मर रजिस्ट्री कर लगभग 85 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है।

ऽ बुरहानपुर जिले में आगामी त्यौहारों को देखते हुए शांति, कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पाटीदार ने कल संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया।

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) भगोरिया उत्सव

होली के पूर्व प्रदेश के आदिवासी अंचलों में इन दिनों भगोरिया मेलों का आयोजन जारी है। आज ऐसे आयोजनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव झाबुआ और बड़वानी में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में ‘‘भगोरिया उत्सव‘‘ का आयोजन बड़वानी के पानसेमल में आयोजित होगा। वहीं झाबुआ में भगोरिया और भील महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

(2) विधानसभा सत्र

राज्य विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ कल 10 मार्च से शुरू होगा। 12 मार्च को सदन में मध्यप्रदेश का दूसरा बजट पेश किया जाएगा। सत्र को लेकर अब तक 2 हजार 939 प्रश्न सचिवालय को प्राप्त हुए हैं। 15 दिवसीय सत्र में 9 बैठकें होना है।

....